उप क्षेत्रीय कार्यालय / SUB REGIONAL OFFICE
कर्मचारी राज्य बीमा निगम/EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार /Ministry of Labor & Employment, Govt. of India)
सी.-50, सिटी सेन्टर / C-50, CITY CENTRE दुर्गापुर / DURGAPUR – 713216
फोन/PHONE : 0343-2549064-66 फैक्स/ FAX : 0343-2549063
E-mail : dir-durgapur@esic.nic.in Website : www.esic.nic.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# प्रेस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर द्वारा एसिक दिवस एवं विशेष सेवा पखवाड़ा का अनुपालन ।

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार** के अधीन एक सांविधिक निकाय है, जो **"कर्मचारी राज्य बीमा योजना"** के अंतर्गत कामगारों/कामगारों के परिवार के सदस्यों को बीमारी, अपंगता, मातृत्व, बेरोजगार, मृत्यु होने की स्थिति में विभिन्न प्रकार के हितलाभ प्रदान करता है । **24 फरवरी, 2020** को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के शानदार 68 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपने 68वें स्थापना दिवस को पूरे भारतवर्ष में **'एसिक दिवस'** के रूप में मना रहा है । इसके पश्चात दिनांक **24/02/2020 से दिनांक 10/03/2020 'एसिक विशेष सेवा पखवाड़ा'** के रूप में मनाया जाएगा ।

इस पखवाड़े के दौरान, कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्तियों से संबंधित सभी लंबित मामलों का निपटान के साथ-साथ टाई-अप अस्पतालों के बिल का निपटान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है । बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सुविधा के लिए इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कारखानों / प्रतिष्ठानों में **'जागरूकता सह स्वास्थ्य जाँच शिविर'** की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है । दुर्गापुर, आसनसोल एवं बांकुड़ा में इस प्रकार के 22 शिविर के आयोजन किए जाने की योजना बनाई गई है । ऐसे स्वास्थ्य जाँच शिविरों में कम से कम 100 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की जाएगी ।

इस **'जागरूकता सह स्वास्थ्य जाँच शिविर'** के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत कामगारों के लिए उपलब्ध विभिन्न हितलाभों के बारे में कामगारों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा शुरू किए गए नये शुरूआत/सुधार, जैसे हाल ही सभी हितलाभधारियों के लिए शुरू किए गए हेल्थ पासबुक, एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सेवा प्रदान करने के लिए खोले जा रहे औषधालय सह शाखा कार्यालय, अंशदान के दर में कमी आदि की जानकारी देना है ।

दिनांक 24 फरवरी, 2020

रुद्रदीप दत्त

**(रुद्रदीप दत्त)**
**उप निदेशक (प्रभारी)**
**उप क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर**
**मोबाईल 9830593377**

रुद्रदीप दत्त/RUDRADEEP DUTTA
उप निदेशक (प्रभारी)/Deputy Director (In-charge)
क.रा.बी.निगम/E.S.I. Corporation
भारत सरकार, श्रम मंत्रालय
Govt. of India, Ministry of Labour
उ.क्षे.का. दुर्गापुर/S.R.O., Durgapur